बातचीत कर रहा है। इनको अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात्, सरकार द्वारा नीति विषयक मार्गदर्शी सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, इस सुविधा के स्थापना-स्थल के बारे में तथा इसकी स्थापना के लिए निवेश के बारे में निर्णय लिया जायेगा।

हरिजनों पर अत्याचार

557. श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:—

(क) देश के किन राज्यों में पिछले महीने हरिजनों पर अत्याचार के मामले दर्ज किए गए थे; और

(ख) इन मामलों में कितने लोग मारे गए थे और क्या इस संबंध में एक विस्तृत विवरण सभा पटल पर रखा जायेगा ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रजंन लास्कर) : (क) और (ख) जनवरी 1983 के आंकड़े उपलब्ध नहीं है। फिर भी विभिन्न राज्यों के संबंध में 1982 के लिए अब तक प्राप्त अत्याचारों और हत्यओं के मामलों की संख्या का विवरण संलग्न है।

विवरण

विभिन्न राज्यों के संबंध में 1982 के लिये अत्याचारों और हत्याओं के पृथक मामलों की संख्या का विवरण।

क्रम सं	राज्य का नाम	अपराध के मामलों की संख्या हत्या	कुल	जिस महीने तक प्राप्त हुए
1	2	3	4	5
1.	आंध्र प्रदेश	13	170	सितम्बर
2.	बिहार	63	1768	अक्तूबर
3.	गुजरात	11	428	नवम्बर
4.	हरियाणा	01	71	जून
5.	हिमाचल प्रदेश	01	73	दिसम्बर
6.	जम्मू और काश्मीर	2	45	अक्तूबर
7.	कर्नाटक	19	363	दिसम्बर
8.	केरल	3	94	जुलाई
9.	मध्य प्रदेश	77	4426	नवम्बर
10	महाराष्ट्र	16	556	अक्तूबर
11	उड़ीसा	9	137	नवम्बर
12	पंजाब	15	73	दिसम्बर
13	राजस्थान	37	1737	दिसम्बर
14	तमिलनाडु	5	130	अक्तूबर
15	त्रिपुरा	--	3.	अक्तूबर
16	उत्तर प्रदेश	208	3977	दिसम्बर
17	पश्चिम बंगाल	6	14	अक्तूबर

टिप्पणी—अन्य राज्यों के संबंध में सूचना शून्य है।